# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज फिरोजाबाद

(NAAC Accredited : B+ Grade)

*सम्बद्धः डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा*

## रेंजर्स रिपोर्ट

## सत्र– 2021–2022

## दिनांक– 10.03.2022– 12.03.2022



डॉ0 फरहा तबस्सुम
एसोसिएट प्रोफेसर
(उर्दू विभाग)
रेंजर्स प्रभारी

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद

---

## रिपोर्ट

## रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जाँच शिविर

### सत्र– 2021– 2022

### दिनांक– 10.03.2022– 12.03.2022



महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद में दिनांक 10.03.2022 से 12.03.2022 तक रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जाँच शिविर लगाया गया। शिविर में 29 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दिनांक 10.03.2022 को प्रथम दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्या जी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। उसके बाद प्राचार्या जी ने झण्डा रोहण में स्काउट झण्डा फहराया। कैम्प के प्रथम दिवस में स्काउट/गाइड का इतिहास, प्रार्थना, स्काउट नियम, झण्डागीत, प्रतिज्ञा, टोली, प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा, ध्वज शिष्टाचार, मार्च पास्ट, सैल्यूट, बायें हाथ का मिलाना इन सबके बारें में बताया।



दिनांक 11.03.2022 को कैम्प के द्वितीय दिवस में रेंजर्स की छात्राओं ने प्लास्टिक मुक्त भारत की रैली निकालकर समाज को जागरूक करने का कार्य किया। जिसमें प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव, डॉ0 रत्ना सक्सैना, डॉ0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय, डॉ0 राज्यश्री मिश्रा, डॉ0 निष्ठा शर्मा उपस्थित रहीं। बी0ए0 प्रथम सैमेस्टर की छात्रा अरीबा ने प्लास्टिक से होने वाली हानियों के बारे में बताया और सुझाव दिया कि किस प्रकार हम प्लास्टिक से मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं। कपड़े के बने थैले प्रयोग करें इसी तरह के और उदाहरण देकर देश को कचरा मुक्त रखने का सन्देश दिया। इसके अतिरिक्त रेंजर्स का प्रगतिशील प्रशिक्षण, गाँठे, बन्धन, वर्दी, तम्बू–निर्माण, गैजेट्स, कैम्प फायर, हाईकिंग (खोज के चिन्ह), वी.पी. 6, अनुमान लगाना आदि बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया।



दिनांक 12.03.2022 को कैम्प के समापन दिवस में सर्वप्रथम तम्बू निर्माण प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें चार टोलियों ने प्रतिभाग किया। जो इस प्रकार रही–

1. पावर रेंजर्स 2. गर्ल्स रेंजर्स रॉक 3. मदर टेरेसा 4. द ग्रेट लेडी



जिसमें से गर्ल्स रेंजर्स रॉक ने प्रथम स्थान तथा पावर रेंजर्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उसके बाद आजादी के अमृत महोतसव के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था–

"मेरा गाँव मेरी धरोहर" भाषण प्रतियोगिता में इन चार टोलियों में से हर टोली से एक रेंजर्स ने प्रतिभाग किया इस तरह से कुल 4 रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। जिसमें से द ग्रेट लेडी टोली से सोनम शर्मा ने प्रथम स्थान तथा पावर रेंजर्स टोली से ड्रीम गोला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में रेंजर्स ने अपने विचारों को इस प्रकार व्यक्त किया। भारत एक कृषि प्रधान देश है यहाँ की अधिकतर जनसंख्या गाँव में निवास करती है कृषि यहाँ का प्रमुख व्यवसाय है किसान





गाँव में रहकर दिनरात खेती का कार्य करके हमें अनाज, दालें, सब्जियाँ खाने की अन्य वस्तुएँ उपलब्ध कराते हैं खेत पर काम करने के कारण उनके परिवार के बहुत से लोग बेसिक शिक्षा इसलिए प्राप्त नहीं कर पाते है क्यों कि उनके पास साधनों की कमी होती है और गाँव में स्कूलों का अभाव होता है उच्च शिक्षा के लिए भी उनके पास संसाधनों की कमी रहती है अतः सरकार को गाँव में निवास करने वालों के लिए उचित सहायता का प्रबन्ध करना चाहिए ताकि भारत के गाँव में भी हर व्यक्ति शिक्षित होकर अपने गाँव का विकास भली भाँति कर सकें। गाँव हमारी धरोहर है हम सबको मिलकर गाँव को विकसित करना है। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसका विषय था– "मेरा गाँव मेरी धरोहर"।

पोस्टर प्रतियोगिता में इन चार टोलियों में से हर टोली से एक रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। इस तरह से कुल 4 रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। जिसमें से द ग्रेट लेडी टोली से जेहरा ने प्रथम स्थान तथा पावर रेंजर्स टोली से मुजल्फा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में भी रेंजर्स ने गाँव के स्वच्छ वातावरण को दर्शाया साथ ही प्राकृतिक सौन्दर्य को भी दिखाया गाँव के पालतू जानवर गाय, भैंस जो हमारे लिए उपयोगी हैं। खेत पर जाते हुए किसान को भी दर्शाया।

अन्त में भोजन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें चार टोलियों ने प्रतिभाग किया। जो इस प्रकार रहीं–

1. पावर रेंजर्स 2. गर्ल्स रेंजर्स रॉक 3. मदर टेरेसा 4. द ग्रेट लेडी

जिसमें से द ग्रेट लेडी टोली ने प्रथम स्थान तथा गर्ल्स रेंजर्स रॉक टोली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उक्त प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव रहीं। विशिष्ट अतिथि संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 तुलसी देवी एवं संगीत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय रहीं।

निर्णायक मण्डल की भूमिका में अग्रेंजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 रत्ना सक्सैना, संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 राज्यश्री मिश्रा एवं संगीत विभाग की असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ0 निष्ठा शर्मा रहीं। निर्णायक मण्डल द्वारा प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया गया।

रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जाँच शिविर के समापन के अवसर पर महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ0 निर्मला यादव जी ने अपने उद्बोधन में रेंजर्स के कार्यों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही रेंजर्स प्रभारी डॉ0 फरहा तबस्सुम ने अन्त में बताया कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ उस दिन से आज तक हम आजादी का उत्सव मनाकर उन सभी वीर शहीदों का समरण करते हैं। जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज 12 मार्च 2022 हैं आजादी के अमृत महोत्सव को शुरू हुए आज एक वर्ष पूर्ण हो चुका है आजादी का यह अमृत महोत्सव 12 मार्च 2021 से शुरू होकर 15 अगस्त 2023 तक मनाया जायेगा। क्योंकि आजादी की लड़ाई में किसी विशेष धर्म या जाति का योगदान नहीं बल्कि पूरे भारत वर्ष के सपूतों ने मिलकर इस लड़ाई को लड़कर हम सभी को आजादी दिलवाई थी। अन्त में रेंजर्स प्रभारी डॉ0 फरहा तबस्सुम ने मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव जी, विशिष्ट अतिथियों, निर्णायक मण्डल, प्रशिक्षक श्री कोमल सिंह यादव जी एवं सहयोगी ऐश्वर्या गुप्ता का भी धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। अन्त में रेंजर्स के दीक्षा संस्कार के बाद राष्ट्रगान से शिविर का समापन हुआ।



16/6/2022

डॉ0 निर्मला यादव

अध्यक्षा

F. Tabassum

डॉ0 फरहा तबस्सुम

रेंजर्स प्रभारी